आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 14.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को जलवायु–स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए नई दिल्ली में मिशन मौसम का शुभारंभ किया।
- चालू वित्त वर्ष में अब तक देश के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में लगभग 16 प्रतिशत वृद्धि हुई।
- प्रदेश में आज मकर संक्रांति का पर्व परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- मौसम विभाग ने राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश की संभावना जताई।

मिशन मौसम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस समारोह में 'मिशन मौसम' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश के वैज्ञानिक संस्थानों की प्रगति विज्ञान के प्रति उसकी जागरूकता को दिखाती है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक संस्थाओं में अनुसंधान और नवाचार नए भारत के स्वभाव का एक हिस्सा है। इसलिए पिछले 10 वर्षों में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की आधारभूत संरचना और तकनीक का भी अभूतपूर्व विकास हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि भविष्य में भारत, मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे, भारत एक क्लाइमेट स्मार्ट राष्ट्र बने इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' भी लॉन्च किया है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के विज़न–2047 दस्तावेज़ भी जारी किया।

प्रत्यक्ष कर संग्रह

चालू वित्त वर्ष में अब तक देश के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में लगभग 16 प्रतिशत वृद्धि हुई है और यह 16 लाख 90 हजार करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में भी लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान इसी अवधि में लगभग 17 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह किया गया था जिसकी तुलना में यह काफी अधिक है। इसमें कॉर्पोरेट कर का योगदान लगभग दस लाख करोड़ रुपये है जबकि गैर–कॉर्पोरेट कर का लगभग 11 लाख करोड़ रुपये है।

मुख्यमंत्री अपील

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के बीच प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की डीपी पर राष्ट्रीय खेलों का लोगो लगाकर खिलाड़ियों का स्वागत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश को विशेष पहचान मिलेगी और यह अतिथि देवो भवः की संस्कृति को बढ़ावा देगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेलों में शामिल होने के लिय प्रदेशभर में लगभग दस हजार खिलाड़ी देशभर से आने वाले हैं।

दुर्घटना

अल्मोड़ा जिले के भैसियाछाना विकासखंड में नौगांव–पिपली सड़क मार्ग पर कल रात करीब बारह बजे एक कार के गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल ने संयुक्त रूप से राहत और बचाव अभियान चलाया तथा दो घायलों को रेस्क्यू किया। घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय, अल्मोड़ा में किया जा रहा है।

मकर सक्रांति

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का पर्व परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु, पवित्र नदियों में स्नान कर पूर्जा–अर्चना कर रहे हैं। वहीं, हरिद्वार में पवित्र स्नान के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। आज तड़के से ही हरिद्वार में गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान के लिये भक्तों की भारी भीड़ है। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के मकर सक्रांति के पावन पर्व पर स्नान के लिये पहुंचने से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है। इस बीच, सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने पर्याप्त प्रबंध किये हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन और 28 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगभग दो हजार सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, जिनमें 400 जिला पुलिस के जवान, पीएसी की तीन कंपनियां और अन्य जिलों से आए एक हजार पुलिसकर्मी

शामिल हैं। मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए हरकी पैड़ी और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। प्रमुख स्थानों पर सुबह के समय अलाव व्यवस्था भी की गई थी। मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल, स्वच्छता और प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई है।

उत्तरायणी मेला बागेश्वर

इस बीच, मकर संक्रांति के अवसर पर कुमाऊं की काशी बागेश्वर का ऐतिहासिक उत्तरायणी मेला श्रद्धा, संस्कृति और इतिहास का अद्‌भुत संगम पेश कर रहा है। सरयू और गोमती नदी के संगम पर स्थित बागनाथ मंदिर में कल रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई थी। लोकगीतों की धुनों और अलाव की गर्मी में डूबे भक्तों ने भोर होते ही सरयू में पवित्र स्नान किया और बागनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया।

उधर, उत्तरकाशी जिले में आज सुबह से ही जिले की विभिन्न क्षेत्र से देव डोलियां गंगा स्नान के लिए मणिकर्णीका पहुंची। कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी पड़ती नजर आई और हजारों श्रद्धालुओं ने भागीरथी में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान दर्जनों देव डोलियों की मौजूदगी में ढोल–नगाड़ों की आवाज और मां गंगा के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान रहा।

घुघुतिया पर्व

कुमाऊँ मंडल में लोकपर्व घुघुतिया हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न पकवानों से बनी मालाओं को अपने गले मे डालकर "काले कव्वा काले घुघुतिया माला खाले " का आह्वान किया। चम्पावत में घुघुतिया लोकपर्व के जानकर मनीष भट्ट ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मौसम

प्रदेश में कल से एक बार फिर मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल राज्य के तीन हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी, जबकि सभी जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 16 जनवरी को प्रदेश में 2500 मीटर और इससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना है।

नेट परीक्षा स्थगित

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने बुधवार को होने वाली यूजीसी–नेट परीक्षा दिसंबर 2024 स्थगित कर दी है। एजेंसी ने कहा कि उसे 15 जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों के कारण परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

एनटीए ने कहा कि सोलह जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।